हिंदी कार्यशाला
ज्यपुरियार स्कूल, सानपाड़ा
दिनांक - ६ अक्टूबर २०१८

सानपाड़ा स्थित ज्यपुरियार विद्यालय में ६ अक्टूबर को 'न्यू सरस्वती हाउस' द्वारा हिंदी कार्यशाल का आयोजन किया गया |

कार्यशाला को संबोधित करने के लिए डॉ विनोद सिंह चौहान 'प्रसून' को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था | डॉ चौहान जी ने स्वरचित गज़ल गाकर कार्यशाला का आरंभ किया | तत्पश्चात हिंदी भाषा का गुणगान करती कविता सुनाकर माहौल हिंदीमय बना दिया | डॉ चौहान ने कार्यशाला में व्यावहारिक व्याकरण के बारे में चर्चा कर कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला | प्राथमिक कक्षाओं में लिंग, वचन, वर्तनी, अनुस्वार, अनुनासिक आदि विषयों को पढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई | उन्होनें शिक्षकों को प्रयोगधर्मी बनने के लिए प्रेरित किया |

इस प्रकार कई व्याकरणिक विषयों की चर्चा के पश्चात 'न्यू सरस्वती हाउस' द्वारा प्रकाशित नई पाठ्यपुस्तक 'उन्मेष' का विमोचन ज्यपुरियार विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती हेमा जी के कर कमलों द्वारा कराया गया जिसमें अमृता विद्यालयम् की दो शिक्षिकाओं श्रीमती नीतू शर्मा और श्रीमती शिखा सिंह को भी शामिल किया गया |अंत में उपस्थित शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर दोपहर के भोजन के पश्चात कार्यशाला के समापन की औपचारिक घोषणा की गई |